राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल की बारावफात पर बधाई

जयपुर, 29 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पैगंबर मोहम्मद के जन्म दिन ईद–ए–मिलादुन नबी (बारावफात) के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

आज यहां जारी अपने संदेश में श्री मिश्र ने पैगंबर मोहम्मद के आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर देते हुए अमन और शांति के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद के विचारों को अपनाते हुए समाज में भाईचारे, सद्भाव और सार्वभौमिक कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए।

——

राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 29 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री श्री केशुभाई पटेल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

आज यहां अपनी श्रद्धांजलि में श्री मिश्र ने कहा कि गुजरात की प्रगति में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और उनके परिजनो को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की कामना की है।

——